मोतीझील में चम्पारण के पूर्वजों की याद व उनकी आत्मा का वास, हमलोग भी इतिहास दुहराएगे, इस मोतीझील में फिर से नौकाविहार का सब मिलकर आनंद उठाएंगे : शीर्षत

कोरोना पर प्रधानमंत्री मोदी का अफसरों को निर्देश: राज्यों से बात कर तैयार करें इमरजेंसी प्लान

फिल्म अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत ने मुंबई स्थित फ्लैट में आत्महत्या की, पूरा बॉलीवुड सदमे में

दिल्ली में कोरोना मरीजों के लिए होटल और बैंक्वेट हॉल का होगा इस्तेमाल, गृहमंत्री अमित शाह ने बुलाई बैठक, देश के पांच शहरों का सबसे ज्यादा बुरा हाल

युवराज
न्यूज़ टुडे
NEWS TODAY Update
www.newstodayupdate.in
www.newstodayupdate.in
RNI:- BIHHIN05409
राष्ट्रीय हिन्दी पाक्षिक
आपकी आवाज़

वर्ष : 06 अंक : 09+14 तिथि : 14 जून 2020 मूल्य : निःशुल्क प्रधान संपादक : डा. राजेश अस्थाना – 9471005272, 8210595830

email: newstodaymth@gmail.com website : newstodayupdate.in

रजि० कार्यालय : अष्ठाना निवास, मठिया जिरात, मोतिहारी-845401
समाचार एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें- 9471005272

न्यूज़ टुडे लॉक डाउन स्पेशल रोजाना अंक

मोतीझील में चम्पारण के पूर्वजों की याद व उनकी आत्मा का वास, हमलोग भी इतिहास दुहराएगे, इस मोतीझील में फिर से नौकाविहार का सब मिलकर आनंद उठाएंगे : शीर्षत

अच्छी पहल

डा. राजेश अस्थाना,
एडिटर इन चीफ,

NEWS TODAY
www.newstodayupdate.in (9471005272)

मोतिहारी की धरोहर मोतीझील के विकास व उसे अतिक्रमण कारियों से बचाने के लिए आज पुनः शुरुआत हो गई। इस मामले में जिले के कर्मठ व अच्छी सोंच रखने वाले जिलाधिकारी शीर्षत कपिल अशोक ने आज कई अधिकारियों के साथ मिलकर मोतीझील के जलकुंभी को निकालकर शुरुआत कर दी है, इस मौके पर उन्हें शहर के कई बुद्धि जीवियों व पत्रकारों का भी साथ मिला जिससे वे काफी उत्साहित नजर आए।

जिलाधिकारी श्री अशोक ने कहा कि इस मोतीझील में चम्पारण के पूर्वजों की याद व उनकी आत्मा वास कर रही है, इसे अतिक्रमण कारियों से बचाते हुए नए तरीके सजाया जाएगा। उन्होंने ने कहा कि हमारे पहले भी कई अधिकारी व शहर के सामाजिक लोंगो ने इसकी सफाई व इसे बचाने के लिए सार्थक कदम उठाया था जिसे हम सभी मिलकर अब पूरा करेंगे।

जब जिलाधिकारी से पूछा गया कि प्रधानमंत्री नरेंद मोदी, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार व स्थानीय सांसद सह पूर्व केंद्रीय कृषि मंत्री राधामोहन सिंह के द्वारा घोषणा व पहल पर डीपीआर बना, ठेकेदार भी बहाल और राशि भी आ गई परन्तु विकास नही हो सका और राशि भी वापस हो गई।

तब श्री शीर्षत ने कहा कि राशि कम पड़ रही थी, इसके पुराने डीपीआर में संशोधित कर पुनः उससे अधिक राशि मंगाई जाएगी तथा इस कार्य की शुरुआत आज कर दी गई है जिसे हर हाल में इस वर्ष ही पूरा किया जाएगा।

बातचीत में जब उन्हें बताया गया कि कई दशक पूर्व तत्कालीन जिलाधिकारी जेएन त्रिपाठी के कार्यकाल (1986–87) में इस झील में नौकाविहार का आनंद उनके साथ साथ जिले के लोग भी लिया करते थे।

श्री अशोक ने कहा कि यह कटु सत्य है कि इतिहास दुहराता है, हमलोग भी उस इतिहास को दुहराएगे, फिर इस झील में नौकाविहार का आनंद हम सभी उठाएंगे।

बहराल श्री अशोक की इस पहल और इनके पूर्व के जिलों में किये गए कार्यों से ऐसा लगता है कि वे अवश्य ही इस भगीरथी प्रयास के पुरोधा साबित होंगे।

कोरोना पर प्रधानमंत्री मोदी का अफसरों को निर्देश: राज्यों से बात कर तैयार करें इमरजेंसी प्लान

ई. युवराज,
मुख्य कार्यकारी अधिकारी,



देश में कोरोना वायरस का संक्रमण लगातार ऊपर की ओर जा रहा है. देश में अब तीन लाख से ज्यादा लोग कोरोना वायरस की चपेट में आ चुके हैं. इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोरोना के हालात को लेकर मंत्रियों और अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की. साथ ही अगले दो महीनों की तैयारियों की स्थिति पर भी चर्चा की.

देश में कोरोना वायरस अब रफ्तार पकड़ चुका है. हर रोज करीब 10 हजार नए कोरोना वायरस के मामलों की पुष्टि हो रही है. इस बीच पीएम मोदी ने कोरोना वायरस के वर्तमान संक्रमण की रफ्तार और भविष्य की तैयारियों की स्थिति की समीक्षा बैठक की. पीएम मोदी ने उन राज्यों और क्षेत्रों की स्थिति का जायजा लिया, जहां कोरोना के मामलों में तेजी देखी गई है.

प्रधानमंत्री कार्यालय ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोविड–19 महामारी के खिलाफ भारत की प्रतिक्रिया की समीक्षा के लिए वरिष्ठ मंत्रियों और अधिकारियों के साथ बैठक की. बैठक में राष्ट्रीय स्तर की स्थिति और कोरोना वायरस महामारी के संदर्भ में भविष्य की तैयारी की समीक्षा की गई.

दिल्ली में कोरोना मरीजों के लिए होटल और बैंक्वेट हॉल का होगा इस्तेमाल, गृहमंत्री अमित शाह ने बुलाई बैठक, देश के पांच शहरों का सबसे ज्यादा बुरा हाल

ई. युवराज,
मुख्य कार्यकारी अधिकारी,

न्यूज टुडे विचारणीय मुद्दा

Coronavirus
NEWS TODAY
कोरोना को लेकर
अहम बैठक
करेंगे शाह
www.newstodayupdate.in (9471005272)

दिल्ली में कोरोना वायरस के बढ़ते मामलों के मद्देनजर गृहमंत्री अमित शाह ने 14 जून को सुबह 11 बजे उच्च स्तरीय बैठक बुलाई है. इस बैठक में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के साथ ही केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्षवर्धन, एम्स के डायरेक्टर रणदीप गुलेरिया, दिल्ली के उप राज्यपाल अनिल बैजल सहित गृह मंत्रालय के दूसरे अधिकारी शामिल रहेंगे.

कोरोना वायरस के कुल मामलों में 17ः तो अकेले मुंबई में ही हैं. जितने मामले और मौतें मुंबई में हुई हैं, उतने मामले और मौतें तो देश के 30 राज्यों में भी नहीं हुई. देश में 13 जून तक 8 हजार 884 मौतें हुई हैं, जिनमें से 23ः मौतें अकेले मुंबई में हुई हैं.

देश के पांच शहरों का हाल सबसे ज्यादा बुरा है, जिसमें मुंबई पहले नंबर पर है. मायानगरी का हाल ये है कि यहां 99 फीसदी आईसीयू बेड (आईसीयू) भर चुके हैं. जबकि 94 फीसदी वेंटिलेटर इस्तेमाल में लाए जा चुके हैं. बृहनमुंबई महानगर पालिका (बीएमसी) ने कोरोना महामारी पर 11 जून तक का एक डेटा जारी किया है. जिसके अनुसार, मुंबई में 1181 आईसीयू बेड थे, जिनमें से केवल 14 बेड खाली बचे हैं, बाकी 1667 बेड भर चुके हैं.

दिल्ली स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के मुताबिक, शनिवार को दिल्ली में 2134 नए एक्टिव केस सामने आए हैं, वहीं 24 घंटे में 57 लोगों की मौत हो गई है.

दिल्ली में अब कोरोना संक्रमितों को कुल आंकड़ा बढ़कर 38958 हो गया हैं. तो वहीं 1200 से ज्यादा लोगों की मौत हुई है. 14945 पूरी तरह से स्वस्थ होकर अस्पताल से डिस्चार्ज किए जा चुके हैं.

NEWS TODAY Update न्यूज़ टुडे Yuvaraj Media & Entertainment
Web News Portal: www.newstodayupdate.in राष्ट्रीय हिन्दी मासिक पत्रिका An Ideal Film Production
चुनाव प्रचार
हमारा लक्ष्य, आपकी जीत
DIGITAL CAMPAIGNING
Bulk SMS Marketing
Whatsapp Marketing
Social Media Marketing
Voice Call Marketing
बिहार विधानसभा चुनाव प्रचार के लिये संपर्क करें:
Contact For Advt. (Still & Video), News: +91 9471005272, 8210595830

CSC ID: 117745760015
CSC
E-GOVERNANCE SERVICES INDIA LIMITED
Digital India Power To Empower
भारत सरकार
डिजिटल सेवा
कॉमन सर्विस सेन्टर
अष्ठाना-निवास, मठिया जिरात, मोतिहारी-845401.
मो०: 9471005272 / 8210595830

फिल्म अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत ने मुंबई स्थित फ्लैट में आत्महत्या की, पूरा बॉलीवुड सदमे में

बिग ब्रेकिंग

आशीष राज,
स्थानीय संपादक,

NEWS TODAY
विनम्र श्रद्धांजलि
www.newstodayupdate.in (9471005272)

फिल्म अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत ने मुंबई में आत्महत्या कर ली है। इस बात की जानकारी नौकर ने पुलिस को दी हैंस फांसी लगाकर आत्महत्या करने की बात कही जा रही हैं। पुलिस ने इस खबर की पुष्टि भी की हैं। पुलिस मौके पर पहुंची है और नौकर और पड़ोसियों से पूछताछ कर रही हैं।

फिल्म अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत कई फिल्मों में काम कर चुके हैं। उनके इस कदम से बॉलीवुड सदमे में हैं। कई कलाकारों ने उनके निधन पर दुख और शॉक जताया हैं। फिल्म अभिनेता रितेश देशमुख ने सुशांत सिंह राजपूत के निधन पर दुख जताते हुए हैरानी जताई हैं। सुशांत सिंह राजपूत डिप्रेशन का शिकार थे। वह अपने दोस्तों के साथ बीती रात थे और उन्होंने अपने कमरे का दरवाजा सुबह नहीं खोला। इसके बाद दोस्तों ने दरवाजा तोड़ दिया और उन्होंने देखा कि सुशांत सिंह राजपूत ने आत्महत्या कर ली हैं। सुशांत सिंह राजपूत पिछले छह महीने से डिप्रेशन में थे।

सुशांत सिंह राजपूत कई फिल्मों में काम कर चुके हैं। उनकी पिछली फिल्म ‘छिछोरे’ थीं। इस फिल्म में उनके अलावा श्रद्धा कपूर की अहम भूमिका थीं। इस फिल्म का निर्देशन नितेश तिवारी ने किया था। संजोग से उनकी यह फिल्म भी डिप्रेशन और आत्महत्या पर आधारित थीं। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार काम किया था और 100 करोड़ रूपये से अधिक का व्यापार किया था।

सुशांत सिंह राजपूत पटना से थे। वह कई फिल्मों में नजर आ चुके हैं। उन्होंने अपने बॉलीवुड करियर की शुरुआत फिल्म ‘काय पो छे’ से की थीं। इस फिल्म के बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा। उन्होंने फिल्म अभिनेता आमिर खान के साथ फिल्म पीके में काम किया था। उन्होंने फिल्म अभिनेता आमिर खान के साथ फिल्म पीके में काम किया था। इसके अलावा वह फिल्म सोन चिरैया में भी नजर आ चुके हैं। सुशांत सिंह राजपूत की मौत से सभी गहरे सदमे में हैं।

Yuvaraj Media & Entertainment
बिहार विधानसभा चुनाव में डिजीटल प्रचार के लिए संपर्क करें:
Contact For Advt. (Still & Video), News: +91 9471005272, 8210595830

वर्ष : 06 अंक : 09+14 न्यूज़ टुडे पृष्ठ संख्या : 02 तिथि : 14 जून 2020

मुख्यमंत्री ने बाढ़ पूर्व जिले में हुई तैयारी कार्यों की समीक्षा वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के माध्यम से करते हुए दिए

NEWS TODAY
NIC EAST CHAMPARAN MOTIHARI
www.newstodayupdate.in (9471005272)

सम्राट, संवाददाता

वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के माध्यम से मुख्यमंत्री ने बाढ़ पूर्व जिले में हुई तैयारी कार्यों की समीक्षा करते हुए दिशा निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी एसके अशोक ने मुख्यमंत्री को बाढ़ पूर्व तैयारी के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। बताया कि जिला क्षेत्र में संभावित बाढ़ को ध्यान में रखते हुए शरण स्थलियों को चिन्हित कर लिया गया है। सभी अंचलाधिकारी ने पूर्व में दिए गए निर्देशों के अनुरूप अंचल में उपलब्ध सरकारी नाव के भौतिक सत्यापन, संधारण एवं निजी नाव संचालकों से इकरारनामा के लिए आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

स्वास्थ्य विभाग को सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में पर्याप्त मात्रा में जीवन रक्षक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। तटबंधों की निगरानी जारी है। आवश्यकतानुसार संधारण कार्य अविलंब पूर्ण करने का निर्देश दिया गया है। पीएचईडी, ग्रामीण कार्य विभाग, पथ निर्माण विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों को निर्धारित कार्यों के सम्यक निर्वहन का निर्देश दिया गया है।जिलाधिकारी ने कहा कि सभी संबंधित विभागों को आपदा प्रबंधन विभाग के मानक संचालन प्रक्रिया के अनुसार सभी कार्यों को अविलंब पूर्ण करने का निर्देश दिया गया है।

महात्मा गांधी केन्द्रीय विश्वविद्यालय मोतिहारी के पिछले दो कुलपतियों के कार्यकाल से चम्पारण के लोगों को निराशा : मनीष शेखर

NEWS TODAY
महात्मा गांधी केन्द्रीय विश्वविद्यालय
Mahatma Gandhi Central University
www.newstodayupdate.in (9471005272)

डा. राजेश अस्थाना,
एडिटर इन चीफ,

अखिल भारतीय अभिभावक– शिक्षक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनीष कुमार शेखर ने अपने श्री कृष्ण नगर मोतिहारी आवास पर संवाददाताओं से बात करते हुए कहा कि महात्मा गांधी केन्द्रीय विश्वविद्यालय मोतिहारी की स्थापना के लिए चम्पारण का एक–एक व्यक्ति संघर्ष किया था ताकि विश्वविद्यालय के माध्यम से उच्च शिक्षा में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की कर्मभूमि चम्पारण से देश को नई दिशा दिया जा सके । पिछले दो कुलपतियों का कार्यकाल से चम्पारण के लोगों को निराशा हुई है।

महात्मा गांधी केन्द्रीय विश्वविद्यालय मोतिहारी के कुलाधिपति पद्मश्री डॉ महेश शर्मा ने राष्ट्रपति जो विश्वविद्यालय के विजिटर भी होते हैं को पत्र लिख कर वर्तमान कुलपति प्रो संजीव शर्मा को लम्बी छुट्टी पर भेज कर विश्वविद्यालय में हुई अनियमितताओं की जांच कराने के लिए निवेदन किया है।

महात्मा गांधी जी की 150वीं जन्म जयंती वर्ष में भारत देश भर में कौन कहे बल्कि चम्पारण के लोगों में भी गांधी जी के संदेश को पहुंचाने में विश्वविद्यालय के कुलपति असफल रहे हैं।

विश्वविद्यालय के कार्यकारी परिषद या विद्वत्त परिषद, वित्त एवं अकादमिक समितियों की नियुक्तियों एवं कार्यकलापों में अनियमितता हुई है। विश्वविद्यालय के कुलसचिव, वित्त अधिकारी, परीक्षा नियंत्रक जैसे महत्वपूर्ण पदों को रिक्त रख कर तदर्थ ढ़ग से विश्वविद्यालय का संचालन किया जा रहा है तथा जिसमें घोर अनियमितताएं की जा रही है । विश्वविद्यालय के द्वारा एक जर्नल का प्रकाशन किया गया है जिसमें महात्मा गांधी जी की तस्वीर तक नहीं है तथा चम्पारण से जुड़े गांधी जी पर कोई आलेख नहीं है जिसके लिए कुलाधिपति ने कुलपति संजीव शर्मा को पत्र लिख कर विरोध प्रकट किया था।

विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए पूर्वी चम्पारण के सांसद राधामोहन सिंह की अध्यक्षता में चम्पारण के लोगों ने दिल्ली में धरना दिया था । दिल्ली के राजघाट पर प्रदर्शन के दौरान हमने गिरफ्तारी दी थी ताकि विश्वविद्यालय के माध्यम से चम्पारण फिर से देश को नया संदेश दे सके। भ्रष्टाचार मुक्त विश्वविद्यालय बनाना एक–एक चम्पारण वासियों का नैतिक दायित्व है।
महात्मा गांधी केन्द्रीय विश्वविद्यालय मोतिहारी के कुलाधिपति पद्मश्री डॉ महेश शर्मा ने भ्रष्टाचार मुक्त विश्वविद्यालय के लिए कदम बढ़ाया है जिसके लिए जन अभियान चलाया जाएगा। केन्द्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री से हमारी मांग है कि कुलाधिपति पद्मश्री डॉ महेश शर्मा के पत्र के आलोक में शीध्र कार्रवाई की जाए ताकि चम्पारण के लोगों ने विश्वविद्यालय को लेकर जो सपना देखा है वह पुरा हो सके।

Yuvaraj Media & Entertainment
Regd. No.: 20469, Western India Film Producers Association, Mumbai.
Regd. Off.: Asthana Niwas, Mathiya Zirat, Motihari-845401, Bihar.
Delhi Off.: RZ 21A, 3rd floor, Near Hanuman Mandir, Indra Park Extension Uttam Nagar East, New Delhi-110059
Mumbai Off.: B26, 2nd floor, Jai Jawan CHS, Sector 17, Near Apna Bazar, Vashi, Navi Mumbai-400703.
Yuvaraj Media & Entertainment
युवराज मीडिया एण्ड इन्टरटेनमेंट प्रस्तुत करते हैं :-
ई. युवराज
ब्रजकिशोर सिंह
डा.राजेश अस्थाना
ई० युवराज कृत–
चम्पारण सत्याग्रह
डा. राजेश अस्थाना
अमृत अभिषेक
एस.शिबू देव
अशोक माही
रौशन जमाल

बेगूसराय जिले के शाम्हो-मटिहानी में गंगा नदी पर पुल बन जाने के बाद आपसपास के छः जिलों के लोगों को सुविधा, बेगूसराय से भागलपुर की दूरी 35 किलोमीटर कम

NEWS TODAY
www.newstodayupdate.in (9471005272)

रिंकू गिरी,
संवाददाता

बेगूसराय जिले के शाम्हो–मटिहानी में गंगा नदी पर पुल बन जाने के बाद आपसपास के छः जिलों के लोगों को सुविधा होगी। राज्यसभा सांसद प्रो. राकेश सिन्हा ने इसको लेकर केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखकर अनुरोध किया था। मंत्री की ओर इसका जवाब भी आ गया कि जल्द ही इसको लेकर फिजीबिलिटी रिपोर्ट तैयार की जाएगी।

इस संबंध में स्वयं सांसद सिन्हा ने बताया कि शाम्होकृ मटिहानी में पुल बनाने के महत्व को रेखांकित करते हुए उन्होंने केंद्रीय मंत्री को पत्र लिखा था। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए मंत्री ने तत्परता से न सिर्फ उन्हें आश्वस्त किया, बल्कि पुल निर्माण को लेकर फिजीबिलिटी रिपोर्ट तैयार कराने का कार्य भी आरंभ करा दिया। फिजीबिलिटी रिपोर्ट बनने के बाद डीपीआर बनायी जाएगी।

उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा मोकामा के पास एनएचकृ31 पर एवं मुंगेर के पास एनएचकृ80 पर दो पुल पहले से बन रहे हैं। इसके बावजूद एक नए पुल की स्वीकृति प्रदान करने के लिए बेगूसराय की जनता की ओर से वे नितिन गडकरी के प्रति आभार प्रकट करते हैं। सांसद ने बताया कि इस सेतु के बन जाने के बाद न सिर्फ बेगूसराय बल्कि शेखपुरा, लखीसराय, नालंदा व झारखंड के देवघर, गिरीडिह के लोगों को भी लाभ मिलेगा।

इधर, पुल बनने की खबर से स्थानीय निवासी अहलादित है। शाम्हो निवासी राजीव रंजन प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बताते हैं कि इस पुल के बन जाने से बेगूसराय से भागलपुर की दूरी 35 किलोमीटर कम हो जाएगी। इसके अलावा जिला मुख्यालय जाने वालों को भी समय व पैसे की बचत होगी। स्थानीय निवासी रामकल्याण ने बताया कि मटिहानी के कई किसान हैं जिनके खेत नदी के दूसरी ओर पड़ता है। ऐसे में उन्हें नाव से कृषि कार्य के लिए आना पड़ता है। पुल बनने के उनको राहत मिलेगी। मटर की खेती के लिए मशहूर यह इलाका बाजार के अभाव में पिछड़ा हुआ है। पुल बनने के बाद परिवहन आसान होने से किसानों को बड़ा बाजार उपलब्ध होगा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का पत्र एवं मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल के पहले वर्ष की उपलब्धियों को मोतिहारी संसदीय क्षेत्र के हर घर जाकर लोगों के बीच पहुंचा रहे हैं मंत्री प्रमोद

NEWS TODAY
www.newstodayupdate.in (9471005272)

सम्राट, संवाददाता

कला संस्कृति व युवा विभाग बिहार सरकार के मंत्री प्रमोद कुमार ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का पत्र एवं मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल के पहले वर्ष की उपलब्धियों को मोतिहारी संसदीय क्षेत्र के हर घर जाकर लोगों के बीच रखा।

बताया कि मोदी सरकार समाज के सभी तबके के विकास एवं युवाओं को रोजगार देने में संकल्पित होकर काम कर रही है। मंत्री श्री कुमार ने निर्धारित कार्यक्रम के तहत मोतिहारी नगर उतरी मंडल के वार्ड नंबर 01एवं 02 में लोगों से जनसंपर्क कर पीएम के संदेश को बताया। वहीं दूसरी ओर केसरिया विधानसभा अंतर्गत नारायणपुर मंडल के रघुनाथपुर गांव में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश अस्थाना ने जनसम्पर्क अभियान चलाया।

मौके पर मंडल अध्यक्ष पिन्टू पाण्डेय, महामंत्री बुन्देला कुँवर मुन्ना सागर, परमेश्वर सर्राफ, डॉ. शम्भू सागर, भाजपा जिला मंत्री विनोद कुशवाहा, अजीत सिंह विजय मिश्रा, महावीर पा. सवान, मुकेश कुमार शर्मा, शंभू मिश्रा, बैजू प्रसाद, राजेश कनोजिया, सुभाष कुमार सहित अन्य उपस्थित थे। जानकारी जिला मीडिया प्रभारी गुलरेज शहजाद ने दी।

युवराज मीडिया एंड एंटरटेण्मेंट की घोषित चम्पारण की पावन धरती पर बन रही भव्य वेब सीरिज एवं फीचर फिल्म की शुटिंग शीघ्र शुरू होगी । निर्माता:9471005272

खुद के परिवार की चिंता किए बिना
देश के नाम अपना जीवन समर्पित कर चुके
ऐसे 'कोरोना योद्धाओं' को पूरे देश का सलाम
NEWS TODAY
न्यूज़ टुडे परिवार
www.newstodayupdate.in

NEWS TODAY Update
युवराज न्यूज़ टुडे आपकी आवाज RNI:- BIHHIN05409
News Today Digital Paper Tarrif
Back Page Full : 27.94 X 43.18 cm = 55000.00
Back Page Half : 13.97 X 21.59 cm = 30000.00
Back Page Quarter : 06.98 X 10.79 cm = 20000.00
Complimentery Ad : 04.00 X 06.00 cm = 5000.00
Inner Page 25% less of all Tarrif

Portal Tarrif

PARTICILAR	DAILY (MIN. 15 DAYS)	MONTHLY	YEARLY
HEADER :	2000	50,000	5,00,000
UNDER NEWS :	1000	25,000	2,50,000
SIDE, MIDDLE & OTH :	1500	35,000	3,50,000

Yuvaraj Media & Entertainment
बिहार विधानसभा चुनाव में डिजीटल प्रचार के लिए संपर्क करें:

Y.S. CITY HOSPITAL
Amar Chhatauni, New Muhalla, Motihari
Dr. Dhannajay (Deepak) Kumar Physician & Surgeon
Dr. Yogendra Prasad Physician & Surgeon
Trauma And Emergency Center
✓ I.C.U ✓ O.P.D
✓ Medicine Department
✓ Special Burn Unit
✓ General Surgery
✓ Laproscopic Surgery
✓ Urology Department
✓ Orthopadics Department
✓ OBS & Gynae ✓ Dental
✓ Physiotherapy
24/7 EMERGENCY SERVICE
हमारे यहाँ सभी बिमारीयों का इलाज एवं ऑपरेशन अनुभवी चिकित्सकों द्वारा होता है।
Mob-9135603275,9431233262

पूर्वी चंपारण जिले में अब पुलिसकर्मी भी कोरोना की चपेट में पहाड़पुर थाना के एएसआई और उसका पुत्र हुआ कोरोना से संक्रमित

NEWS TODAY
पहाड़पुर थाना
पूर्वी चम्पारण
www.newstodayupdate.in (9471005272)

आशीष राज,
स्थानीय संपादक,

पूर्वी चंपारण जिले में अब पुलिसकर्मी भी कोरोना की चपेट में आने लगे हैं. जिले के पहाड़पुर थाना में पदस्थापित एएसआई और उसका पुत्र कोरोना संक्रमित पाया गया है. शुक्रवार को जिले के 8 लोगों का कोरोना जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आया है. जिसमें 6 कोरोना संक्रमित मरीजों का दुसरा जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आया है. कोरोना संक्रमित मिले पहाड़पुर के एएसआई कोविड–19 को लेकर लगे ड्यूटी के दौरान संक्रमित हुए हैं और उनका पुत्र उनके संपर्क में आने से संक्रमित हुआ है.

दोनों को किया गया है होम क्वारंटाइन- सीएस

सिविल सर्जन डॉ. रिजवान अहमद ने बताया कि पहाड़पुर थाना के एएसआई और उसके पुत्र के कोरोना जांच रिपोर्ट के बारे में एसकेएमसीएच से फोन पर बताया गया है. उसके बाद दोनों पिता–पुत्र को होम क्वारंटाइन कर दिया गया है. उन्होंने बताया कि शनिवार को दोनों की कोरोना जांच के कागजात के मिल जाने पर उन्हें आईसोलेशन वार्ड में शिफ्ट किया जाएगा.

कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या हुई 139

बता दें कि पूर्व में जिले के 137 लोगों का कोरोना जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आया है. जिसमें से एक कैंसर पीड़ित कोरोना पॉजिटिव मरीज की मौत हो गई है, जबकि 68 कोरोना संक्रमित मरीज स्वस्थ होकर अपने घर लौट चुके है. शुक्रवार को दो नए कोरोना संक्रमित मरीजों के मिलने के बाद जिले में कोरोना पॉजिटिव मरीजों की संख्या 139 हो गई है. जिले में अब कोरोना के कुल 70 एक्टिव मामले हैं.

NEWS TODAY Update newstodayupdate.in
Web News Portal: www.newstodayupdate.in
युवराज न्यूज़ टुडे आपकी आवाज
राष्ट्रीय हिन्दी मासिक पत्रिका
Yuvaraj Media & Entertainment
An Ideal Film Production
बस एक क्लिक कीजिए
देश दुनिया की खबर के साथ अपनी खबर भी देखिए
www.newstodayupdate.in
A Fast Growing Web News Portal
Contact For Advt. (Still & Video), News: +91 9471005272, 8210595830

Yuvaraj Media & Entertainment
बिहार विधानसभा चुनाव में डिजीटल प्रचार के लिए संपर्क करें:
Contact For Advt. (Still & Video), News: +91 9471005272, 8210595830